पूर्ण क्षमता समुपयोजन प्रायः संभव नहीं होता। इसलिए, इस प्रकार की स्थिति में विद्युत उत्पादन की लागत अलग-अलग केन्द्रों में भिन्न-भिन्न होती है।

विद्युत उत्पादन के लिए समझौते

5381. श्री अजीत जोगी:
श्री पूलचन्द मीणा:

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ सरकार ने 1 अप्रैल, 1995 तक विद्युत उत्पाद के सम्बद्ध समझौते किये हैं;

(ख) उन कम्पनियों के देशवार नाम क्या हैं जोकि भारत में विद्युत क्षेत्र में पूंजी-निवेश करने के लिए पहल कर रही हैं और प्रत्येक देसी कम्पनी द्वारा कितनी धन-राशि का निवेश किया जाएगा; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप भारत में विद्युत उत्पादन में कितनी वृद्धि होने की संभावना है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल): (क) विद्युत उत्पादन के बारे में सरकार से सरकार के बीच किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

(ख) व (ग) उन विद्युत कम्पनियों, जिन्होंने अपनी अधिष्ठापित क्षमता और अनुमानित लागत समेत विद्युत उत्पादन परियोजनाओं में निवेश करने की रुचि प्रकट की है, उनके नामों को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है।

[देखिए परिशिष्ट 173 अनुबंध सं॰ 116]

डीजल पर आधारित विद्युत संयंत्र

5382. श्री पूलचन्द मीणा: क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या डीजल पर आधारित कुछ विद्युत संयंत्रों को स्थापित करने के संबंध में प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन पर होने वाली अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से सम्बद्ध कार्य कब तक चालू किया जाएगा?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल): (क) से (ग) डीजल आधारित ताप विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के उन प्रस्तावों का ब्यौरा, जो केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति हेतु प्राप्त की गई है, निम्नवत है:—

स्कीम का नाम	अनुमानित लागत (रु॰)	अभियुक्ति
1. कोझिकोडे डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट केरल (120 मे॰वा॰)	355.00 करोड़	इन स्कीम को के॰वि॰प्रा॰ द्वारा तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
2. कम्पूपलैट डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट,साउथ अन्डेमान्स (50 मे॰वा॰)	69.9 करोड़	इन स्कीम को भी के॰वि॰प्रा॰ द्वारा तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
3. केन्द्रांचल डीजी सेट्स बिसार, कर्नाटक (47 मे॰वा॰)	124.10 करोड़	
4. कायारगोडे डीजल जेनेरेटिंग पावर प्रोजेक्ट, केरल (60 मे॰वा॰)	180.8 करोड़	
निजी क्षेत्र		
5. ग्वालियर डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट (126. मे॰वा॰) मध्य प्रदेश	524.05 करोड़	
6. सामायनाल्लूर डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट (100 मे॰वा॰) तमिलनाडु	384.00 करोड़	

*nm**/j8